कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

Email- dfobag-forest-uk@nic-in/dfobageshwar03gmail.com
दूरभाष नं0:- 05963-220249 फैक्स नं0:- 05963-220209

पत्रांक 4051 / 12-1-2 बागेश्वर दिनांक 20 / 6 / 2015।

सेवा में

वन संरक्षक,
उत्तरी, कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड,अल्मोड़ा।

विषय :- हरिनगरी पय्या मोटर मार्ग का दाबू हड़ाप तक विस्तार (प्रस्ताव संख्या 10042 / 2015)।
संदर्भ :- आपका पत्रांक-2909 / 12-1 दिनांक 12.06.2015।

महोदय,

उक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम पर आपको अवगत कराया जाना है कि विषयगत मोटर मार्ग का प्रस्ताव पूर्व में (दिनांक 14.08.2014 से पूर्व) नोडल अधिकारी देहरादून के स्तर से कतिपय आपत्तियों के साथ वापस किया गया था। प्रस्तावित मोटर मार्ग का प्रभागीय वनाधिकारी बागेश्वर वन प्रभाग के स्तर से स्थलीय निरीक्षण पूर्व में ही कर लिया गया था। उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार दिनांक 14.08.2014 के बाद प्रेषित समस्त प्रस्तावों को आनलाइन के माध्यम से प्रेषित किया जाना था, इस कारण प्रस्तावक विभाग द्वारा विषयगत मोटर मार्ग का प्रस्ताव भी आनलाइन कर हार्ड कापी इस कार्यालय को प्राप्त करवाई गई । इसी कारण हार्ड कापी की प्राप्ति तिथि के आधार पर हार्डकापी की तिथि दर्शाई गई है। इस संबंध में नोडल अधिकारी देहरादून के कार्यालय प्रतिनिधि द्वारा भी बैठकों में निर्देश दिये गये है।

अतएव अनुरोध है कि प्रस्ताव पर अपने स्तर से अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय,

O/C

(एम0बी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर